दाता एक राम लिरिक्स - Daata Ek Ram Lyrics

दाता एक राम, भिखारी सारी दुनियाँ,
राम एक देवता, पुजारी सारी दुनिया ॥

द्वारे पे उसके जाके कोई भी पुकारता,
परम कृपा दे अपनी भव से उबारता,
ऐसे दीनानाथ पे बलिहारी सारी दुनियाँ,
राम एक देवता, पुजारी सारी दुनिया ॥
दाता एक राम, भिखारी सारी दुनियाँ,
राम एक देवता, पुजारी सारी दुनिया ॥

दो दिन का जीवन प्राणी कर ले विचार तू,
प्यारे प्रभु को अपने मन में निहार तू,
बिना हरी नाम के दुखि आरी सारी दुनियां,
राम एक देवता, पुजारी सारी दुनिया ॥
दाता एक राम, भिखारी सारी दुनियाँ,
राम एक देवता, पुजारी सारी दुनिया ॥

नाम का प्रकाश जब अंदर जगाएगा,
प्यारे श्री राम का तू दर्शन पाएगा,
ज्योति से जिसकी है उजयारी सारी दुनियाँ,
राम एक देवता, पुजारी सारी दुनिया ॥
दाता एक राम, भिखारी सारी दुनियाँ,
राम एक देवता, पजारी सारी दुनिया ॥